गाजीपुर निवासी चालक की तहरीर पर सोनभद्र में हुई कार्रवाई

बकाये किस्त के नाम पर ट्रेलर छीनने वाले 3 बंदी

शिकंजा

- वाहन पर फाइनेंस कंपनी की आखिरी किस्त थी बकाया
- चालक का गला दबाने और मारपीट करने का भी आरोप

सोनभद्र, संवाददाता। वाराणसी-शक्तिनगर हाईवे पर रविवार देर रात चालक से मारपीट कर ट्रेलर छीनने के आरोप में पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर की आखिरी एक किस्त बकाया थी और इस संबंध में वाहन मालिक को कोई नोटिस भी नहीं भेजा गया था। चालक की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

गाजीपुर निवासी ट्रेलर चालक उगासेंकर की तहरीर के अनुसार, शक्तिनगर हाईवे पर रविवार देर रात फाइनेंस कंपनी के तीन कर्मचारियों ने ट्रेलर रोक लिया। आरोपियों ने कंपनी की किस्त बकाया होने की बात कहते हुए ट्रेलर छीन लिया और गला दबाकर मारने की भी कोशिश की। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी थी। सोमवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिन्दुआरी पुलिया के पास स्थित एक ढाबे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान आशु सिंह निवासी पन्नूगंज, सूरज पांडेय निवासी परसौना और संतोष सिंह निवासी पकरी चंडी टोटल के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से दो बाइक, जिसमें एक बिना नंबर की है, बरामद हुई हैं।

पुलिस ने छीना गया ट्रेलर भी बरामद कर लिया है। क्षेत्राधिकारी रणधीर कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

वाहन सीज करने का काम करते हैं तीनों आरोपी: वाराणसी-शक्तिनगर हाईवे पर चालक से मारपीट कर ट्रेलर छीनने के मामले में पुलिस ने कई खुलासे किए हैं। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी श्रीराम फाइनेंस कंपनी में सीजिंग का काम करते हैं। आरोपियों ने किस्त समय पर जमा न होने के नाम पर हाईवे पर ट्रेलर को रोक लिया था। साथ ही, विरोध करने पर चालक के साथ मारपीट की। बाद में आरोपी ट्रेलर को हिन्दुआरी स्थित यार्ड की ओर ले गए। आरोपियों ने बताया कि संबंधित वाहनों को यार्ड में खड़ा कर कंपनी को सूचना देते हैं। आरोपियों ने बताया कि रास्ते में ट्रेलर बंद हो गया, जिसके बाद उसे डीआर डीम होटल के सामने छोड़ दिया गया। क्षेत्राधिकारी रणधीर कुमार मिश्र ने बताया कि ट्रेलर की 68 हजार रुपये का महज आखिरी एक किश्त बाकी थी। फाइनेंस कंपनी की तरफ से उन्हें कोई नोटिस भी नहीं दिया गया था।

सांसद नीरज शेखर का टिकट कटा

बलिया तस्वं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र तथा तीन बार के राज्यसभा सांसद नीरज शेखर को भाजपा ने इसबार टिकट नहीं दिया है। सोमवार को भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशियों की जारी सूची में नीरज शेखर को जगह नहीं मिली है।

चंद्रशेखर के निधन के बाद वर्ष 2007 में हुए लोकसभा के उपचुनाव में नीरज सपा के टिकट पर चुनाव जीतकर सांसद बने थे। वर्ष 2009 के लोकसभा आम चुनाव में सपा ने फिर से उन्हें मैदान में उतार और नीरज दोबारा लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए।

पांच लाख की अवैध शराब संग दो बंदी

दोहरीघाट (मऊ) हिंस। एसओजी और दोहरीघाट थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार भोर में गोरखपुर-बोरहीघाट रोड पर गगहरा के पास एक एसयूवी से पांच लाख की अवैध शराब बरामद की। दो अंतरप्रांतीय तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्कर बिना नंबर प्लेट की एसयूवी से हरियाणा निर्मित शराब लेकर बिहार जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में एक दिल्ली और दूसरा मिर्जापुर का निवासी है।

वन विभाग ने लहुरियादह विद्यालय का निर्माण रोका

डुमंडगंज, (मिर्जापुर) हिन्दुस्तान संवाद। बीते दिनों पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल का वीडियो जारी होने पर तीन वर्ष बाद आदिवासी बहुल लहुरियादह गांव में निर्माणाधीन उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण रविवार को वन विभाग ने रोक दिया। डीएफओ का कहना है कि विद्यालय का निर्माण वन भूमि पर कराया जा रहा है। भूमि की पैमाइश के लिए राजस्व विभाग को पत्र लिखा है। पैमाइश के बाद निर्माण की अनुमति दे दी जाएगी।

ग्रामीणों ने वर्ष 2023 में पूर्व डीएम दिव्या मित्तल से गांव में उच्च प्राथमिक स्कूल खोले जाने की गुहार लगाई थी। तत्कालीन डीएम दिव्या मित्तल ने लहुरियादह गांव में विद्यालय स्वीकृत कर दिया था, लेकिन तीन वर्ष से विद्यालय के निर्माण कार्य नहीं शुरू कराया जा सका था। आईएएस दिव्या मित्तल ने इसीके

- पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल का वीडियो जारी होने के बाद शुरू हुआ था काम
- डीएफओ बोले, वन भूमि पर हो रहा निर्माण, राजस्व विभाग को लिखा है पत्र

के बाद वीडियो जारी कर लहुरियादह में स्कूल नहीं बनवाए जाने का मुद्दा उठाया था। वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन ने आनन-फानन में गांव में तीस सितंबर को स्कूल के भवन निर्माण शुरू करा दिया गया। इसी सीमा रेनियार को वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर नींव में बोल्डर और सीमेंट डालने वाले श्रमिकों को रोक दिए। वन क्षेत्राधिकारी डुमंडगंज रविशंकर शर्मा ने बताया कि विद्यालय का निर्माण वन विभाग की जमीन पर हो रहा था।

अमृत सरोवर में युवक की डूबने से मौत

चंदई (जौनपुर)। मीरगंज थाना क्षेत्र के भिदुना गांव में सोमवार को अमृत सरोवर में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मचगया।मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। करिंदांव-मीरगंज निवासी 32 वर्षीय रामलाल सरोज सोमवार को अमृत सरोवर में नहाने गए थे। नहाते समय वह गहरे पानी में डूब गए।

आसपास 30

मरकनिया नहर में डूबने से वृद्ध मरा

चहनिया (चंदौली)। मरकनिया गांव निवासी 80 वर्षीय श्यामू राम की सोमवार को नहर में डूबने से मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, श्यामू राम रोज की तरह सोमवार की सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान वह शौच करने के लिए मरकनिया नहर के किनारे गए। पैर फिसलने से वह नहर में गिर गए।

जौनपुर में भूमि विवाद में बुजुर्ग किसान की हत्या

जंघई (जौनपुर)। मीरगंज थाना क्षेत्र के जरौना गांव में सोमवार देर शाम भू-विवाद में वृद्ध किसान की हत्या कर दी गई। जानकारी मिलने पर पहुंची मीरगंज थाने की पुलिस ने स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन विवाद बढ़ता देख बरसही थाने की भी फोर्स मंगा ली गई। रात दस बजे तक गांव में फोर्स डटी रही।

15 लाख का अवैध पटाखा बरामद, एक बंदी

रसड़ा, (बलिया)। पुलिस ने रविवार रात श्रीनाथ थाना क्षेत्र के पास एक मकान में छापेमारी कर करीब 15 लाख रुपये के अवैध पटाखे बरामद किए। मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कारोबारी पिता को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका बेटा फरार हो गया।

तीर्थयात्रियों की बस खड़े ट्रक से भिड़ी, 22 घायल

भरौनी(बलिया)। यूपी-बिहार के बीच गंगा नदी पर निर्मित वीर कुंवर सिंह सेतु पर सोमवार की तड़के खड़े ट्रक से बस की तेज टक्कर हो गई। हादसे में तेलंगाना के बस में सवार 22 तीर्थयात्री घायल हो गये। सभी को बक्सर (बिहार) के सदर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद कुछ यात्रियों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बताया गया कि यह घटना बस चालक के झपकी आने के कारण हुई है।



गाय को बचाने के प्रयास में पूर्व सैनिक जिंदा जला

- बलिया के पकड़ी थाना क्षेत्र के सरया गांव में रविवार रात की घटना

पूर, (बलिया) हिन्दुस्तान संवाद। पकड़ी थाना क्षेत्र के सरया गांव में रविवार देर रात झोपड़ी में आग लगने से 65 वर्षीय पूर्व सैनिक ध्रुव नारायण सिंह की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे में झोपड़ी में बंधी गाय भी जलकर मर गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव निवासी सेवानिवृत्त सैनिक धुव नारायण सिंह के घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर टिनशेड बना हुआ है। टिनशेड के चारों ओर फूंस की टाट लगी हुई है। रोज की तरह रविवार रात उन्होंने अपनी गाय को टिनशेड में बांधा और वहीं सो गए।

बताया जाता है कि मच्छरों से बचने के लिए उन्होंने झोपड़ी में अलाव जला रखा था। आशंका है कि देर रात अलाव की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। ध्रुव नारायण सिंह गाय की बचाने के लिए झोपड़ी से बाहर निकालते का प्रयास करते लगे। इसी दौरान आग की लपटों से घिरा टिनशेड उनके ऊपर गिर गया। इसके नीचे दबने से ध्रुव नारायण सिंह और गाय दोनों जिंदा जल गए। आग की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद आसपास के लोगों ने झोपड़ी से ध्रुव नारायण सिंह का शव बाहर निकाला।

अभिनेता पवन सिंह पर जुर्माना

बलिया, संवाददाता। भोजपुरी फिल्म स्टार तथा बिहार के एमएलसी पवन सिंह सोमवार को एक बार फिर परिवार न्यायालय में पेश नहीं हुए। उनके अभिनवता ने उनकी मां की तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए अगली तारीख देने का अनुरोध किया। न्यायालय ने पवन सिंह पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए अगली सुनवाई के लिए 17 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की। इस दौरान उनकी पत्नी ज्योति सिंह अपने वकीलों के साथ न्यायालय में मौजूद थीं।

करीब आठ साल पहले पवन की शादी मिड्डी निवासी रामबाबू सिंह की बेटी ज्योति से साथ हुई थी। विवाह के कुछ दिनों बाद ही दोनों के रिश्तों में दरार आ गई।

रिश्वत मांगने पर लेखपाल निलंबित

बलिया, तस्वं। जाति प्रमाणपत्र जारी करने के एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील सदर के राजस्व ग्राम सुल्तानपुर के क्षेत्रीय लेखपाल संदीप सिंह को निलंबित कर दिया गया है। आरोपी पर विभागीय जांच भी होगी।

सुल्तानपुर निवासी सुरेंद्र प्रसाद तुरैहा ने आरोप लगाया था कि तुरैहा जाति का प्रमाणपत्र जारी करने में लेखपाल एवं अन्य राजस्व कर्मियों द्वारा प्रति आवेदन 50 हजार रुपये की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में मोबाइल पर हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी के आदेश पर संदीप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

धानापुर में इंद्रा अस्पताल सील

धानापुर,(चंदौली)। जिले में सोमवार को धानापुर कस्बे में फर्जी तरीके से संचालित हो रहे इंद्रा हॉस्पिटल को सील कर दिया। दो दिन पहले पुलिस अस्पताल संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

खखईपुर गांव निवासी चंद्रकली बिंद ने बताया कि उनकी पुत्री सुमन की तबीयत खराब होने पर बीते 18 अगस्त को इंद्रा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि 19 अगस्त को बिना किसी एनेस्थेटिक्स और बिना सर्जन के आए ही अस्पताल के संचालक इंद्रजीत प्रजापति ने खुद ही महिला का ऑपरेशन कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई।

आजमगढ़ से लाइसेंस लेने में मुंबई निवासी गिरफ्तार

- निजामाबाद थाने की पुलिस ने दबोचा, आरोपी बांदा का मूल निवासी

आजमगढ़, संवाददाता। फर्जी दस्तावेज पर जिले से शस्त्र लाइसेंस जारी कराने वाले मुंबई निवासी आरोपी को निजामाबाद थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से लाइसेंसी रिवाल्वर और कारतूस भी बरामद की गई है। आरोपी ने निजामाबाद इलाके के मिर्जापुर में रहने वाले अपने मित्र के पते पर 16 वर्ष पूर्व लाइसेंस लिया था। इसी पते पर वोटर लिस्ट में भी नाम दर्ज है। एसपी सिटी मधुवन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी बांदा का निवासी है।

पुलिस को बीते 29 सितंबर को सूचना मिली थी कि अंधेरी वेस्ट मुंबई, महाराष्ट्र के निवासी मो. इबराक का मिर्जा अयाज बेग ने गिरनीपुर के पते पर परिवार रजिस्टर, विद्यालय अभिलेख और अन्य कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर अभिलेख बनवाए। इन अभिलेखों के आधार पर 22 जनवरी वर्ष 2010 में रिवाल्वर का शस्त्र लाइसेंस प्राप्त कराया गया। पुलिस ने मिर्जा अयाज बेग निवासी गिरनीपुर थाना निजामाबाद, मो. इबराक खान निवासी गिरनीपुर थाना निजामाबाद, हाल मुकाम बिल्डिंग नंबर 02 बी, फ्लैट नंबर 504, पाटलीपुत्र थाना ओशिवरा मुंबई महाराष्ट्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

माइंस के विरोध में लोगों का प्रदर्शन

सिंगरौली,(सोनभद्र)। जिले के चितरंगी विधानसभा क्षेत्र के सोंधार और सिलफोरी में कुंदन गोल्ड माइन्स के लिए जमीन अधिग्रहण के विरोध में विस्थापितों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से उनके मकानों को हटाने के लिए नोटिस दिया गया है, जबकि प्रभावित परिवारों को मुआवजा और पुनर्वास का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें नियमानुसार मुआवजा, पुनर्वास संबंधी लाभ नहीं मिल जाता, तब तक वे घरों को नहीं गिरने देंगे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

विक्रय सूचना

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए सूचना
अनुलग्नक-IV-A (नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान देखें

क्षेत्रीय कार्यालय - प्रथम तल, बड़ौदा भवन, प्लाट नं0 24, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, चौबेपुर, वाराणसी - 221106 (उ0प्र0)

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम,2002 सपठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्वारा जनसाधारण एवं ऋणी / जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभार युक्त सांकेतिक सम्पत्ति को , जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है, को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा " जो है, जहाँ है", "जो है जैसे है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर ई नीलामी / बिक्री की जायेगी। ऋणी/जमानतकर्ता / प्रतिभूति आस्ति/ देय/आरक्षित मूल्य/ ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-

नीलामी की तिथि : 07.11.2026 समय दोपहर 02:00 से सायं 06:00 बजे तक
सम्पत्ति निरिक्षण तिथि व समय : 05.11.2026 सुबह 10:00 से सायं 05:00 बजे तक

धरोहर राशि (ई.एम.डी.) का भुगतान ऑनलाईन इन्ड्रीएमटी (चालान निष्पादन के बाद) या यूपीआई (UPI) के द्वारा (https://baanknet.com) के द्वारा दिनांक 06.11.2026 तक या उससे पहले किया जायेगा।

क्र0 सं0	ऋणीकर्ता/बोरएईर का नाम एवं पता और शाखा	अचल सम्पत्ति का विवरण	कुल बकाया	आरक्षित मूल्य अंतिम धनराशि जिस अनीलामी धनराशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/ भौतिक)
1.	ऋणकर्ता: 1. श्री अतुल सिंह पुत्र श्री अरविंद सिंह 2. श्री अमित सिंह पुत्र श्री अरविंद सिंह पता 1.- दोनों निवासी गली नम्बर- 5, ओम नगर कालोनी, पहड़िया, वाराणसी, उत्तर प्रदेश- 221011 पता 2.- दोनों निवासी ग्राम- मिहिलिहि, टरावा, जिला- आजमगढ़- 276123 शाखा- सोनारपुरा, वाराणसी	साम्बिक बंधक प्लाट व भवन स्थित अराजी नम्बर 194, मौजा- रामदत्तपुर, परगना- शिवपुर, तहसील- सदर, जिला- वाराणसी, जिसका प्लाट क्षेत्रफल 1365 वर्ग फीट यानि 126.81 वर्ग मीटर, जो कि 1. श्री अतुल सिंह पुत्र श्री अरविंद सिंह (ऋणकर्ता), 2. श्री अमित सिंह पुत्र श्री अरविंद सिंह (संयुक्त ऋणकर्ता) के संयुक्त नाम में है। **चौहद्दी : पूर्व-** रामसखल की जमीन, पश्चिम- आरसीसी सड़क 10 फीट चौड़ी, उत्तर- अम्बर राजभर का मकान, दक्षिण- रामसखल की जमीन	रु 55,80,138.00 दिनांक 08.10.2025 तक + ब्याज एवं अन्य खर्चे (साथ सूचना जारी होने के दर, प्रार लेकर भुगतान है, को पढ़कर	रु 50,11,000.00 5,01,100.00 10,000.00	सांकेतिक

SCAN HERE

विक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक पर अवलोकन करें- www.bankofbaroda.in/e-auction.htm तथा https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी, सोनारपुरा शाखा, मोबाइल नं0 : 9554959003, ईमेल: sonarp@bankofbaroda.bank.in से सम्पर्क करें।

दिनांक : 06.10.2026 स्थान: वाराणसी

ह0 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्

अधिसूचना क्रमांक: 01/2025/ICHR/SAF& PDF (Notification 2026-2027)

पोस्ट डाक्टोरल फेलोशिप (पीडीएफ) 2026-2027

पोस्ट डाक्टोरल फेलोशिप (पीडीएफ) के लिए आवेदन निर्धारित प्रपत्र में पात्र उम्मीदवारों से आमंत्रित किये जा रहे हैं। सभी आवेदन पत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन (साँफ्ट एवं हार्ड प्रति) माध्यम से 30.10.2026 तिथि या उससे पहले परिषद् को प्राप्त हो जाने चाहिए। **पीडीएफ का चयन आई.सी.एच.आर. कार्यालयों में (ऑनलाइन/ऑफलाइन/हाइब्रिड) आयोजित प्रस्तुति-सह-साक्षात्कार के माध्यम से होगा, जिसकी तिथि एवं स्थान की सूचना वेबसाइट पर दी जाएगी। कृपया विस्तृत अधिसूचना और आवेदन फार्म के लिए www.ichr.ac.in पर जाएँ।**

सदस्य सचिव

भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्

अधिसूचना क्रमांक: 01/2025/ICHR/SAF& PDF (Notification 2026-2027)

सीनियर एकेडेमिक फेलोशिप (एस.ए.एफ.) - 2026-2027 तथा रिक्त सीटें 2025-2026

सीनियर एकेडेमिक फेलोशिप (एस.ए.एफ) के लिए आवेदन निर्धारित प्रपत्र में पात्र उम्मीदवारों से आमंत्रित किये जा रहे हैं। सभी आवेदन पत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन (साँफ्ट एवं हार्ड प्रति) माध्यम से 30.10.2026 तिथि या उससे पहले परिषद् को प्राप्त हो जाने चाहिए। **एस.ए.एफ का चयन आई.सी.एच.आर. कार्यालय में (ऑनलाइन/ऑफलाइन/हाइब्रिड) आयोजित प्रस्तुति-सह-साक्षात्कार के माध्यम से होगा, जिसकी तिथि एवं स्थान की सूचना वेबसाइट पर दी जाएगी। कृपया विस्तृत अधिसूचना और आवेदन फार्म के लिए www.ichr.ac.in पर जाएँ।**

सदस्य सचिव

पूर्व मध्य रेल

संविदा आधार पर शिक्षक नियुक्ति हेतु संक्षिप्त सूचना

पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज (CBSE), पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु संविदा के आधार पर PGT के 14 एवं TGT के 15 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है।

Category	No of Vacancies	Consolidated Monthly Remuneration
POST GRADUATE TEACHER (BIOLOGY)	2	₹ 27,500/-
POST GRADUATE TEACHER (CHEMISTRY)	1	₹ 27,500/-
POST GRADUATE TEACHER (COMMERCE)	1	₹ 27,500/-
POST GRADUATE TEACHER (COMPUTER)	1	₹ 27,500/-
POST GRADUATE TEACHER (ECONOMICS)	1	₹ 27,500/-
POST GRADUATE TEACHER (ENGLISH)	2	₹ 27,500/-
POST GRADUATE TEACHER (HINDI)	2	₹ 27,500/-
POST GRADUATE TEACHER (HISTORY)	1	₹ 27,500/-
POST GRADUATE TEACHER (MATH)	1	₹ 27,500/-
POST GRADUATE TEACHER (PHYSICS)	1	₹ 27,500/-
POST GRADUATE TEACHER (POLITIAL SCIENCE)	1	₹ 27,500/-
TRAINED GRADUATE TEACHER (BIOLOGY/SCIENCE)	1	₹ 26,250/-
TRAINED GRADUATE TEACHER (COMPUTER)	1	₹ 26,250/-
TRAINED GRADUATE TEACHER (ENGLISH)	3	₹ 26,250/-
TRAINED GRADUATE TEACHER (HINDI)	2	₹ 26,250/-
TRAINED GRADUATE TEACHER (MATH/SCIENCE)	1	₹ 26,250/-
TRAINED GRADUATE TEACHER (SOCIAL SCIENCE/ARTS)	2	₹ 26,250/-
TRAINED GRADUATE TEACHER (HINDI WITH SANSKRIT)	2	₹ 26,250/-
TRAINED GRADUATE TEACHER (URDU)	1	₹ 26,250/-
TRAINED GRADUATE TEACHER (LIBRARY)	1	₹ 26,250/-
TGT Physical Education / PTI (Physical Training Instructor)	1	₹ 26,250/-

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकते है। विस्तृत अधिसूचना, शैक्षणिक योग्यता, नियम एवं आवेदन संबंधी जानकारी पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ecr.indianrailways.gov.in → Division → Pt- Deen Dayal Upadhyaya → Personnel → Notification पर उपलब्ध है। **साक्षात्कार स्थल:** पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज, डीडीयू। **साक्षात्कार:** दिनांक 13.10.2026 एवं 14.10.2026.
आवेदन/अन्य विवरण: अधिसूचना के अनुसार।

पीआर/1061/डीडीयू/पीईआरएस(ए)/एन/26–27/88

मंडल रेल प्रबंधक (का.)
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड

पो. बॉ. सं. 40, आणंद – 388001, गुजरात, दूरभाष: 02692-260 148/149/160, फैक्सस: 02692-260159
वेबसाइट: www.nddb.coop, ईमेल: purchase@nddb.coop
बोली के लिए आमंत्रण (IFB)/ स्थानीय प्रतिस्पर्धी बोली (LCB)

निम्नलिखित सूचीबद्ध कार्यों के लिए सेवा प्रावकर्ताओं/ एजेंडीडीयों की ओर से पात्र बोलीदाताओं से सीलिया आमंत्रित हैं:

क्र. सं.	कार्यों का विवरण/बोली संदर्भ	अनुमानित मूल्यांक (₹) GST. सहित/ अगर्गित	ईएमडी अवधि/ समाप्ति की तिथि	बोली जमा करने/ खोलने की तिथि और समय
क.	निम्नलिखित के लिए सिविल, संरचनात्मक, जलापूर्ति, स्वच्छता के कार्य एवं अन्य विविध कार्य, जिनमें आंतरिक विद्युतीकरण के कार्य शामिल हैं :			
I	NDDB के आवासीय–सह–कार्यालय परिसर, बेलतूप में नवीनीकरण के कार्य **NDDB/HO/Purchase/72/26-27/IE1/72/CIVIL-BENGALURU**	255 लाख / 10 महीने	07.10.26 26.10.26	28.10.26 15:00 बजे/ 28.10.26 15:30 बजे
ख.	निम्नलिखित के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के कार्य:			
I	33/11केवी डेयरी, डालखुर में 11 केवी/433 वोल्ट का स्वा–रंजन **NDDB/HO/Purchase/71/26-27/IET/71[SUBSTATION-SARAIKELA]**	250 लाख / 08 महीने	08.10.26 28.10.26	29.10.26 15:00 बजे/ 29.10.26 15:30 बजे
II	सायकोना डेयरी, डालखुर में पॉट ट्रीटमेंट प्लांट **NDDB/HO/Purchase/72/26-27/IET/72[WTP-SARAIKELA]**	140 लाख / 08 महीने	06.10.26 27.10.26	27.10.26 15:00 बजे/ 27.10.26 15:30 बजे
III	दाबगणे, कर्नाटक में 2 × 8 TPH का सॉलिड फ्यूल बॉयलर **NDDB/HO/Purchase/73/26-27/IE1/73[BOILER-DAVANAGERE]**	780 लाख / 10 महीने	07.10.26 28.10.26	28.10.26 15:00 बजे/ 28.10.26 15:30 बजे

IFB से संबंधित अधिक जानकारी के लिए और बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए कृपया इन वेबसाइटों: www.nddb.coop और www.mstcecommerce.com/eproc को देखें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया **उप प्रमुख (क्रय), एनडीडीबी, आणंद**–388 001 से सम्पर्क करें।
विशेष सूचना: किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन इत्यादि को केवल इन वेबसाइटों पर प्रकाशित किया जाएगा।

हिन्दुस्तान अपनाए नए हिन्दुस्तान पग



RKTV